R.K. Chaturvedi
IPS

Ref. Letter No.
Inspector General of Police
B-1/128-B, Vineet Khand-I
Gomti Nagar, Lucknow-226010
(R) 0522-2725900, (M) 91+9627916006
E-mail-rkips98@gmail.com

प्रिय महोदय,

मैं आपको यह पत्र बिहार पर्यटन विकास निगम द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर मेरे गया जाने पर निगम द्वारा पिण्डदान पैकेज में उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा अधीनस्थों के व्यवसायिक दक्षता व व्यवहार कुशलता से प्रभावित होकर धन्यवाद स्वरूप प्रेषित कर रहा हूँ।

मैं वर्तमान में लखनऊ में आवासित हूँ तथा पितृ पक्ष में गया जाकर पिण्डदान करने का इच्छुक था। मेरे साथ के या परिचित अनेक अधिकारी पटना में उच्चपदस्थ हैं किन्तु अनायास ही मैंने वहाँ की व्यवस्थाओं की जानकारी हेतु नेट पर पिण्डदान के संबंध में उपलब्ध सामग्री की जानकारी ली तो मुझे निगम के ''पिण्डदान पैकेज'' की जानकारी हुई। उत्सुकतावश मैंने पूरे विवरण देखे व वेवसाइट पर उपलब्ध मोबाइल नम्बर पर श्री पीयूष कमल जी से बात की। उनसे बात करने के बाद मुझे लगा कि मुझे निगम के पैकेज का उपयोग करना चाहिएं और निस्संदेह वापस आने के बाद मुझे लगा कि मेरा वह निर्णय वास्तव में एक बहुत ही सही व अविस्मरणीय फैसला था। न तो पण्डा की किच–किच, न कोई अव्यवस्था, पण्डित पूजा, पूजन सामग्री, वाहन, उसका चालक, आवासीय व्यवस्था सबकुछ पूर्ण विधि विधान से व सर्वश्रेष्ठ।

मैं इसके लिए आभार व्यक्त करना चाहूँगा आपका, आपके अधीनस्थ श्री पीयूष कमल जी का, जिनका पद मुझे पता नही व सबसे अधिक मेरे साथ लगे चालक कम गाइड कम मैनेजर श्री मुरारी का, जिन्होने कभी यह महसूस ही नहीं होने दिया कि हम कहीं बाहर आये हैं।

कृपया सभी को मेरी तरफ से उत्साहवर्धन करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

भवदीय,

12.10.18

(आर0के0चतुर्वेदी)

(आर०के० चतुर्वेदी)
आई०पी०एस०
सदस्य (अंश)
उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोनति बोर्ड
लखनऊ

प्रबन्ध निदेशक,
बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम,
पटना (बिहार)